डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 198 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 02 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया




## डोडाचूरा तस्कर को 5 साल की सजा, जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी दिलीपसिंह पिता देवीसिंह राजपूत आयु लगभग 52 वर्ष निवासी ग्राम आधारी उर्फ निरधारी तहसील व जिला मन्दसौर को अवैध रूप से डोडाचूरा तस्करी करने के आरोप का दोषी पाकर 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 07 अप्रैल 2018 को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो उपक्षेत्र मन्दसौर के आसूचना अधिकारी विजय शिंदे को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दिलीपसिंह पर्याप्त मात्रा में डोडाचूरा लेकर मोटरसाइकिल क्रमांक एम.पी 14 एमवी 8079 से नयाखेड़ा फंटा महू–नीमच राजमार्ग से रात्रि के लगभग 09.30 बजे से 10.30 बजे के मध्य पहुंचने वाला है। उक्त सूचना पर श्री विजयसिंह शिंदे द्वारा श्री दिनश अंकुश चौहान अधीक्षक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उपक्षेत्र मन्दसौर के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। जिस पर अधीक्षक द्वारा कार्यवाही हेतु श्री विजयसिंह शिंदे आसूचना अधिकारी को निवारक दल का गठन करके प्रतिबंधित पदार्थ की जप्ती के लिए निगरानी रखने तथा एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 85 के अंतर्गत जरूरी कार्यवाही करने के लिए कहा गया था। श्री शिंदे आसूचना अधिकारी को निवारक दल का प्रभारी नियुक्त किया गया था। श्री शिंदे टीम के साथ शासकीय वाहन से सूचना तस्दीक हेतु रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर टीम ने मुखबीर द्वारा बताए गये व्यक्ति के आने का इंतजार किया। कुछ देर बाद एक व्यक्ति मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 14 एमवी 8709 से आता हुआ दिखा। जिसे आसूचना अधिकारी विजयसिंह शिंदे ने रूकने का ईशारा किया था तो उस व्यक्ति ने मोटरसाइकिल किनारे कर दी थी उस व्यक्ति का नाम, पता पूछा था तो उसने अपना नाम दिलीपसिंह बताया था, सूचना की पुष्टि होने पर दिलीपसिंह की तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान आरोपी दिलीपसिंह की मोटर साइकिल की सीट के उपर काले रंग का कट्टा प्लास्टिक की सुथली से बंधा हुआ मिला था। उक्त कट्टे को खोलकर देखने पर उसके अंदर हल्के भूरे मटमैले रंग का छिलके जैसा पदार्थ दिखा था, जो डोडाचूरा था। तौल करने पर उसका वजन 21.500 किलो होना पाया गया। पूछताछ में दिलीपसिंह ने बताया कि वह जप्तशुदा डोडाचूरा ईश्वरसिंह से लाया था। प्रकरण में संपूर्ण अनुसंधान उपरांत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री कांतिलाल रूनवाल द्वारा किया गया।

# रसूख के धुएं से अंधे हो गए जिम्मेदार!

## पेन स्टील में फटा बॉयलर, बड़ा हादसा टला

### [ हवा–पानी दूषित कर रही फैक्टरियां, पर्यावरण में घोल रही जहर ]

**मंदसौर, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में रसूख के धुएं के आगे जिम्मेदारों की आंखों में मानो मोतियाबिंद हो गया है। नियम मापदंडों का उल्लंघन दिखाई ही नहीं दे रहा। बात कर रहे है जिले में चल रही फैक्टरियों की। नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहीं फैक्टरियां जिले की आबोहवा को प्रदूषित कर रही हैं। इन फैक्टरियों ने हवा के साथ पानी तक को जहरीला बना दिया है। इससे लोगों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ हो रहा है। परेशान रहवासियों की सैकड़ो शिकायतों के बाद भी इन रसूखदारो पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिम्मेदार सिर्फ जांच की बात करके रसूखदार मालिकों को अभयदान दे देते हैं। कुछ दिनों पहले राजमार्ग पर फतेहगढ़ स्थित पेन स्टील फैक्टरी में मजदूर की मौत हो गई थी। लंबे समय से फैक्टरी सवालों के घेरे में है। एक बार फिर रात को बायलर फट गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। मजदूर इधर उधर भागने लगे। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। बाद में स्थिति को नियंत्रित किया गया। यहां करीब पांच से दस लाख का नुकसान भी बताया जा रहा है। दलौदा पुलिस ने बताया कि रात को पेन स्टील फैक्टरी में घटना हुई थी। इसके बाद 100 डॉयल पहुंची थी। इस घटना में कोई जनहानी नहीं हुई है।

### राजमार्ग पर मुंह चिढ़ा रही फैक्टरियां...

सत्ता का संरक्षण प्राप्त फैक्टरी संचालकों की जिले में मनमानी जारी है। प्रशासन या अन्य जिम्मेदार विभागों का भी इन पर कोई अंकुश नही है। नतीजतन नियम विरूद्ध तरीके से बिना ट्रीटमेंट किए ही फैक्टरी का पानी छोड़ा जा रहा है तो चिमनियों की उंचाई सहित प्रदूषण नियंत्रण के अन्य नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। सिर्फ दलौदा से लेकर पिपलियामंडी के बीच महू–नीमच हाइवे पर ही कई फैक्टरियों की चौंकाने वाली स्थिति सामने आती है।

### दिन में भी काले धुएं का साया...

**1. अमृत रिफाइनरी:** मुल्तानपुरा फंटे के समीप स्थित अमृत रिफाइनरी फैक्टरी सरेआम दिन में भी जहरीला काला धुआं छोड़ रही है। अप्रैल 2023 में गांधीनगर के रहवासियों की शिकायत के बाद वार्ड क्रं. 39 की पार्षद भारती पाटीदार ने सीएमओ को लिखित में शिकायत भी की। इसमें बताया था कि अमृत रिफाइनरी द्वारा शासन के नियमों का पालन नहीं करते हुए गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के खुले नाले में छोड़ा जा रहा है। इसके कारण आसपास के कुएं व हैंडपंप में एसिडिक पानी की मात्रा बढ़ रही है। यहां से निकलता धुआं गांधीनगर और मेघदूतनगर के घरों में सीधा प्रवेश कर रहा है। मामले में नपा ने फैक्टरी संचालक को नोटिस भी थमाया था, लेकिन सुधार नहीं हुआ।

### राहगिरों का चलना दुश्वार, पानी हो गया लाल...

**2. पान टीएमटी:** दलौदा नगर के समीप स्थित पान टीएमटी फैक्टरी नई फतेहगढ़ के प्राथमिक स्कूल व दलौदा कॉलेज के मध्य संचालित हो रही है। अंधेरे के इंतजार में शाम होते ही यह फैक्टरी जहरीला धुआं छोड़ने लग जाती है। समीप महू– नीमच हाइवे से गुजरने वाले हजारों राहगीरों को रोज ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि, स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। लोगों ने बताया कि इस फैक्टरी के कारण पूरे गांव के हैंडपंप का पानी लाल रंग का व दूषित होकर पीने लायक तक नहीं बचा। जानकारी के मुताबिक पूर्व में फैक्टरी के संबंध में शिकायत होने पर जांच के लिए टीम ने भी दस्तक दी थी। जांच के दौरान भी कई अनियमितताएं सामने आई थीं। स्कूल व कॉलेज के मध्य फैक्टरी किस नियम से संचालित हो रही, यह भी जांच का विषय है।



### वेस्ट मटेरियल से पशुओं के बीमार और मौत होने के आरोप...

**3. सोनिक बॉयोकेम:** पिपलियामंडी क्षेत्र के थड़ौद स्थित सोनिक बॉयोकैम फैक्टरी के भी ऐसे ही हालात हैं। महू–नीमच हाइवे के समीप स्थित इस फैक्टरी में भी नियमों का पालन नहीं हो रहा है। फैक्टरी से भी धुआं क्षेत्र में फैलता है। इससे राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ समय पूर्व थड़ौद के ग्रामीणों ने फैक्टरी का वेस्ट मटेरियल खाने से पशुओं के बीमार होने व मौत होने के भी आरोप लगाए थे। मामले में बाद में जांच भी की गई थी। इसमें क्या निकला इसका अब तक किसी को कुछ पता नहीं चला। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में धुएं सहित अन्य समस्याओं से लोग बहुत परेशान हो चुके हैं। अभी भी दिन में सिर्फ चिमनी ही नहीं बल्कि फैक्टरी से भी धुआं छोड़ा जा रहा है।

## सीबीआई की एमपी, यूपी सहित 10 राज्यों में छापेमारी, बड़ी संख्या में लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड बरामद

**नई दिल्ली, 1 मई।** सीबीआई ने एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी एक फर्जी निवेश योजना में केस दर्ज करने के बाद 10 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 30 स्थानों पर मंगलवार को राष्ट्रव्यापी छापेमारी की। सीबीआई की यह कार्रवाई देर रात तक चली। हालांकि, एजेंसी ने इसके बारे में बुधवार को जानकारी दी। छापेमारी के दौरान एजेंसी ने लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम और डेबिट कार्ड बरामद किए। साथ ही बड़ी संख्या में ईमेल खातों का पता लगाया. एजेंसी का आरोप है कि इस योजना में लोगों को क्रिप्टो करेंसी माइनिंग मशीन रेंटल में निवेश करने के लिए गुमराह किया गया।



## सांप ने डसा, वृद्धा की मौत

**नीमच, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद थाने के सरवानिया महाराज पुलिस चौकी के गांव खुर्द खेड़ी में बुधवार सुबह एक वृद्धा को सांप ने डस लिया। परिजन उसे नीमच के बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच कर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बड़े अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सुबह 7 से 8 बजे के बीच की है। 65 वर्षीय योगेंद्र कुंवर पति खुमान सिंह निवासी खुर्द खेड़ी अपने घर पर काम कर रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। महिला के शव का नीमच अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## मौसम में गर्माहट: तरबूज, नींबु की डिमांड बढ़ी

**मंदसौर, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** मौसम में अब लगातार गरमाहट बढ़ रही है। गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। बुधवार को तापमान बढ़ने के कारण दिन के पारे में बढ़ोतरी दिखी। दिन में 39.5 डिग्री और रात का तापमान 20.2 डिग्री दर्ज किया गया। गरमी बढ़ने के साथ ही अब तरबूज, खरबूज, नींबू और ककड़ी की डिमांड बढ़ने लगी है।

मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन तापमान में बढोतरी की संभावना के साथ अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अप्रैल में लगातार सक्रिय रहे विक्षोभ के कारण गर्मी का असर कम रहा था। लेकिन, अब धूप में तेजी के साथ गर्मी में तेजी से बढोतरी होगी। इस दौरान तापमान 44 डिग्री पार होने की संभावना हैं। शहर में गर्मी बढने के साथ ही फलो सहित ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री तेज हो गई है।

## आठ बदमाशों को किया तड़ीपार

**मंदसौर, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 8 आदतन बदमाशो को जिला बदर किया गया है।

इनमें इकबाल पिता बाबुखां मेव निवासी खिलचीपुरा, गुणवंत पिता धनश्याम पाटीदार निवासी बुढ़ा, आशिक पिता इब्राहिम कोडा निवासी मुल्तानपुरा, अभिषेक उर्फ गोलु पिता कृष्णकांत पोरवाल निवासी दलौदा, अनिल गायरी दलौदा, भूरा उर्फ भुरु पिता एहमद मथारिया निवासी मुल्तानपुरा, रणजीत पिता जसवंतसिंह शक्तावत निवासी मुंदेड़ी एवं भारत उर्फ बिच्छू पिता विष्णु रत्नावत निवासी रविदास मोहल्ला नरसिंहपुरा मंदसौर को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेगें।

# गांधीसागर: दो चरण में हुई गिद्धों की गणना

## कई प्रजाति के गिद्ध मिले, तीन दिनों तक विशेषज्ञों ने बहाया पसीना

**मंदसौर, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** इस साल गांधी सागर अभ्यारण में गिद्ध गणना दो चरण में की गई। प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय गिद्ध गणना दूसरा चरण बुधवार को पूरा हुआ। प्रत्येक 02 वर्ष में की जाने वाली प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना के दूसरे चरण में गणना कार्य 28 अप्रैल से 1 मई के मध्य किया गया। वन मंडल मंदसौर के अभयारण्य गांधी सागर एवं वन परिक्षेत्र भानपुरा के कुछ क्षेत्र गिद्धों का प्राकृतिक आवास स्थल है ।जहां पर गिद्ध की कुल चार स्थानीय प्रजातियां पाई जाती है। साथ ही गिद्ध की तीन प्रजातियां यहां का वातावरण अनुकूल होने से यहां पर शीत ऋतु में प्रवास करती है। गिद्ध गणना प्रथम फेज अंतर्गत हुई गणना मे लगभग 850 से अधिक गिद्ध पाए गए थे।

प्रत्येक 02 वर्ष में होने वाली गिद्ध गणना का कार्य पूर्व में एक चरण में किया जाता था। किन्तु प्रवासी गिद्धों एवं स्थानीय गिद्ध की सटीक संख्या का आकलन करने के लिए इस वर्ष गिद्ध गणना का कार्य दो चरण में किया गया 7

### इस कारण बढ़ रहे कुत्तों के शिकार के मामले...

गिद्ध सामान्यत: केवल मरे हुए वन्यजीवों/ मवेशियों को खाकर ही अपना भोजन प्राप्त करतें है। इसलिए इन्हें प्रकृति के सफाईकर्मी के रूप में भी जाना जाता है। गिद्धों के पाचन तंत्र में उपस्थित अम्ल- शवों में पाए जाने वाले एंथ्रेक्स एवं बोटूलिस्म जैसे घातक बेक्टेरिया को भी नष्ट कर इनसे जनित रोगों को अन्य जीवों में फैलने से रोकता है। पर्यावरणविद श्री अनिल मार्कंडेय द्वारा गिद्ध पर की गई शोध के अनुसार भारत में गिद्धों कि संख्या में कमी होने कारण मृत मवेशियों पर श्वान (कुत्तों) का कब्ज़ा हुआ। जिसके कारण उनकी संख्या में वृद्धि हुई तथा शहरों में डॉग बाईट (कुत्ते के हमलों) की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी गई है। मवेशियों के उपचार हेतु प्रतिबंधित दवाई डिक्लोफेनक के उपयोग से तथा आवास स्थलों की कमी से गिद्धो की संख्या में अचानक से कमी आई थी।

### इस वर्ष की गिद्ध गणना की खास बातें...



✻ इस वर्ष गिद्ध गणना का कार्य पूर्व में हुई एक दिवसीय एवं एक चरण में की जाने वाली गणना की बजाय दो चरणों में एवं प्रत्येक चरण में तीन दिवस तक किया गया। ✻ तीन दिवस तक हुई गणना में पूर्व में स्थापित गिद्ध आवास स्थलों के साथ कुछ नए आवास स्थलों पर भी गणना करने का समय मिला। ✻ प्रकृति में गिद्धों के महत्व तथा उनकी कम होती संख्या से होने वाले विपरीत परिणामों से लोगों को जागरूक करने में स्वयं सेवकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। ✻ बाहर से आये स्वयं सेवकों के अतिरिक्त गाँधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल अंतर्गत कार्यरत स्वयं सेवको ने भी गिद्ध गणना में सहभागिता की। ✻ तीन दिवसीय गणना के प्राथमिक आंकड़ो के अनुसार 02 वर्ष बाद हुई इस गिद्ध गणना में गांधीसागर एवं आसपास के क्षेत्रों में गिद्ध के आवास स्थलों में वृद्धि के साथ ही इनकी संख्या में भी वृद्धि हुई है। ✻ गिद्ध गणना में पहली बार 30 से अधिक आवास स्थलों पर 100 वन कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिक तथा 10 स्वयं सेवकों द्वारा सहभागिता की गई। ✻ प्राथमिक गणना आंकड़ो के अनुसार इस वर्ष गांधीसागर अभ्यारण्य एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रथम चरण में स्थानीय एवं प्रवासी गिद्धों को मिलाकर लगभग 850 से अधिक गिद्ध एवं द्वितीय चरण में 690 स्थानीय प्रजाति के गिद्ध देखे गए। जो कि पूर्व में वर्ष 2021 में हुई गिद्ध गणना के आंकड़ो 676 से अधिक होकर पारिस्थितकीय तंत्र के लिए शुभ संकेत है।

## सोने–चांदी में गिरावट का दौर जारी

**मंदसौर, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** सोने व चांदी के भाव में गिरावट का दौर जारी है। सराफा बाजार में सोने के भाव में 1100 रुपए की गिरावट आई और भाव 71,100 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गए। एक दिन पहले सोना 72,200 रुपए प्रति दस ग्राम बिका था। वहीं जेवराती सोना 65,120 रुपए प्रति दस ग्राम बिका। सोने के साथ ही चांदी में भी गिरावट जारी है। चांदी के भाव भी 80 हजार रुपए से नीचे लुढक़ गए और सराफा बाजार में चांदी 79,600 रुपए प्रतिकिलो बिकी। जबकि, एक दिन पहले इसके भाव 80,300 रुपए प्रतिकिलो थे। सराफा व्यापारियों के मुताबिक बाजार में लेवाली कमजोर होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट से सोने और चांदी के भाव में गिरावट का रुख बना हुआ है।

# डॉक्टर का अपहरण, 20 लाख फिरौती मांगी

## सीबीएन जवान सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, एनडीपीएस के झूठे केस से बचाने मांगी थी फिरौती, कैंट पुलिस ने किया खुलासा

**नीमच, 1 मई गुरु एक्सप्रेस।** अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से डाक्टर का अपहरण कर उसे मादक पदार्थो की तस्करी के मामलें मे झूठा फंसाने की धमकी देकर परिजनों से फिरोती मांगने की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को नीमच पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर चिकित्सक को सुरक्षित मुक्त करा लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फिरोती की रकम 07 लाख 50 हजार रूपये, दो मोटर साईकिल और 05 आधुनिक मोबाईल बरामद किए। पुलिस पकड़े गऐ आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर रहीं है।



पुलिस ने बताया कि अपहरत हुए दंत चिकित्सक डॉ नवीन अग्रवाल के पिता हेमंत कुमार पिता बाल गोविन्द अग्रवाल निवासी वृंदावन कॉलोनी ने 30 अप्रैल को कैंट थाने पर पुलिस को सूचना दी और बताया कि बीती दिनांक 29 अप्रैल को मेरा लड़का नवीन महिमा डेन्टल क्लिनिक ग्वालटोली गया था, वहा से वापस नहीं आया। उसका मोबाईल नंबर भी बंद आ रहा था। तभी दिनांक 29 अप्रैल की रात्रि करीबन 08 बजे मेरे मोबाईल नंबर पर मेरे लडके नवीन के मोबाईल नंबर से फोन आया और किसी व्यक्ति जिसने अपना नाम हरेन्द्र चौधरी बताया ने मुझे बोला कि, तुम्हारे लड़के नवीन के पास अवैध मादक पदार्थ मिला है, आप 20 लाख रूपये की व्यवस्था कर लो तो हम उसे छोड़ देगें। यदि नहीं दिये तो बंद कर देगें व केस बना देगें, अभी तो सेटलमेंट हो जायेगा, तुम पैसे की व्यवस्था जल्दी करो, मेरे पास बार बार फोन आ रहे थे।

तत्काल रूपयो की व्यवस्था नही होने व रात्रि का वक्त होने से उन लोगों ने मुझे 30 अप्रैल की सुबह जल्दी पैसे की व्यवस्था करने का बोला था। 30 अप्रैल को सुबह 07.30 बजे पुन: फोन आया व बोला कि जल्दी पैसे की व्यवस्था करो ओर आकर मिलो। तब मैं उनके बताये अनुसार एलआईसी चौराहा के सामने गया तो वहां तीन व्यक्ति मिले। जिन्होने मुझे रूपये की व्यवस्था जल्दी करने का बोला, तो मैंने उनसे बोला कि, मुझे शाम तक का समय दो, पैमेंट की व्यवस्था कर रहा हूं... उन्होंने मुझसे शाम को लहसुन मंडी गेट के सामने रूपये लेकर बुलाया और बोला कि किसी को मत बताना, पैसे दे जाना और तुम्हारे लड़के को ले जाना। यदि नही आये तो अवैध मादक पदार्थ के केस में बंद कर देंगें। मुझे लगा कि, यह पुलिस वाले नहीं है, आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हो सकते है, जो मेरे लडके का अपहरण कर मुझसे रूपयो की मांग कर रहे है। मैंने अभी तक 07 लाख 50 हजार रूपये की व्यवस्था कर ली है।

पुलिस ने बताया कि फरियादी द्वारा दी गई सुचना गंभीर प्रकृति की होने से तत्काल कैंट थाने से विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया तथा फरियादी द्वारा बताये गये स्थान पर गोपनीय रूप से पुलिस टीम लगाई गई। फरियादी द्वारा बताये स्थान पर 30 अप्रैल उक्त तीनों व्यक्ति मय अपहरत... **शेष पेज 4 पर**



